❖ 1–ϕ प्रेरण मोटर में कार्य सिद्धान्त को निम्न दो तरीको से समझा जा सकता है।
(1) द्विघुर्णन क्षेत्र सिद्धान्त (Double Revolving Theory)
(2) क्रास क्षेत्र सिद्धान्त (Cross Field Theory)

(1) द्विघुर्णन क्षेत्र सिद्धान्त (Double Revolving Theory)—द्विघुर्णन क्षेत्र सिद्धान्त के अनुसार 1–ϕ प्रेरण मोटर में चुम्बकीय फ्लक्स दो बराबर भागों में टुटता है।
यह दोनों भाग तुल्यकालिक गति से विपरित दिशा में घुमते है जिसके कारण परिणामी बलाघूर्ण प्राप्त होता है और मोटर का रोटर घुमना प्रारम्भ करता है।



(2) क्रॉस क्षेत्र सिद्धान्त (Cross Field Theory)—द्वि-घुर्णन क्षेत्र सिद्धान्त 1–ϕ प्रेरण मोटर की सही व्याख्या नहीं करता क्योंकि इसमें वास्तविक रूप से हमें पता नहीं चलता कि मोटर में होता क्या है।

❖ लेकिन क्रॉस क्षेत्र सिद्धान्त इस की सही व्याख्या करता है क्योंकि इसमें मोटर को जिस ओर धकेला जाता है मोटर का रोटर उसी ओर घुमना प्रारम्भ कर देता है।

1. निम्न में से कौनसी मोटर स्वचालित होती है।
(A) तुल्यकालिक मोटर (B) 1–ϕ प्रेरण मोटर
(C) सर्पी वलय प्रेरण मोटर (D) इनमें से कोई नहीं **[C]**

2. त्रिकला प्रेरण मोटर में ब्लॉक रोटर टेस्ट में स्लिप का मान होता है।
(A) 1 (B) 0.5 (C) 0 (D) 0.25 **[A]**

Note—त्रिकला प्रेरण मोटर का (रोटर ब्लॉक परिपक्षण) ताम्र हानि ज्ञात करने के लिए किया जाता है।

❖ यह परीक्षण ट्रांसफार्मर के (शार्ट सर्किट परिक्षण) के समान होता है।

2. त्रिकला प्रेरण मोटर में नो लोड परिक्षण किस लिए किया जाता है।
(A) लौह हानि (B) ताम्र हानि
(C) दोनों (D) रोटर input **[A]**

❖ यह परिक्षण ट्रॉंसफॉर्मर के खुले परिक्षण के समान होता है।
❖ शून्य भार परिक्षण में लौह हानियाँ ज्ञात की जाती है।

Note—3–ϕ प्रेरण मोटर को घुर्णित ट्रांसफार्मर भी कहा जाता है।

1 – ϕ प्रेरण मोटर को स्वचालित बनाने के विधियाँ (Method of Self Starting 1 – ϕ Induction Motor)

❖ 1–ϕ प्रेरण मोटर को स्वचालित बनाने की निम्न विधियाँ है—
(1) कला विभक्त विधि
(2) संधारित्र प्रारम्भ विधि
(3) संधारित्र प्रारम्भ संधारित्र रन विधि
(4) छादित ध्रुव विधि

(1) कला विभक्त विधि



❖ फेज को विभक्त करने हेतु स्टार्टिंग वाइडिंग का उपयोग किया जाता है।
❖ स्टार्टिंग वाइडिंग का प्रतिरोध उच्च होता है तथा प्रेरकत्व निम्न होता है।
❖ रनिंग वाइडिंग का प्रेरकत्व उच्च होता है तथा प्रतिरोध निम्न होता है।
❖ स्टार्टिंग वाइडिंग व रनिंग वाइडिंग के मध्य 90° का अन्तराल रखा जाता है।
❖ स्टार्टिंग वाइडिंग का प्रतिरोध अधिक होने के कारण व प्रेरकत्व निम्न होने के कारण इसकी धारा सप्लाई वोल्टता से [10°–15°] पीछे होती है।
❖ रनिंग वाइडिंग का प्रेरकत्व अधिक होने ने कारण इसका करंट सप्लाई वोल्टता से [70–75°] पीछे होता है।
❖ स्टार्टिंग वाइडिंग करंट तथा रनिंग वाइडिंग करंट इन दोनों के कारण

12 वैद्युत मापक यंत्र [Electrical Measurement Instrument]

❖ वह यंत्र जिनके द्वारा वैद्युत राशियों को मापा जाता है। वैद्युत मापक यंत्र कहलाते हैं। जैसे—अमीटर, वोल्टमीटर, वाटमीटर इत्यादि।

वैद्युत मापक यंत्रों के प्रकार (Types of Electrical Measurement Instrument)

1. सूचक प्रकार के यंत्र (Indicating Instrument)
2. अभिलेखन प्रकार के यंत्र (Recording Instrument)
3. समाकलन प्रकार के यंत्र (Intigrating Instrument)

1. सूचक यंत्र (Indicating Instrument)—वह यंत्र जिनके द्वारा वैद्युत राशि को एक संकेतक की सहायता से पैमाने पर दर्शाया जाता है। सूचक यंत्र या इंडीकेटिंग प्रकार के यंत्र कहलाते है। जैसे—वाटमीटर, अमीटर इत्यादि।

2. अभिलेखन यंत्र (Recording Instrument)—वह यंत्र जिनके द्वारा वैद्युत राशि को पेपर व पेन्सिल की सहायता से मापा जाता है। अभिलेखन प्रकार के यंत्र कहलाता है। जैसे रिकार्डिंग, वोल्टमीटर, C.R.O. इत्यादि।

3. समाकलन यंत्र या एकीकृत यंत्र (Intigrating Instrument)—वह यंत्र जिनके द्वारा वैद्युत राशि को गति तथा आवृतकाल के आधार पर मापा जाता है। समाकलन प्रकार के यंत्र कहलाते है। जैसे ऊर्जामापी, वाटघंटा मापी।

सूचक यंत्रों में आवश्यक बलाघूर्ण (Torque Required in Indicating Instrument)

❖ सूचक प्रकार के यंत्रों में मुख्य रूप से तीन प्रकार के बलाघूर्ण कार्य करते हैं।

1. विक्षेपण बलाघूर्ण (Deflacting Torque)
2. नियंत्रक बलाघूर्ण (Controlling Torque)
3. अवमंदक बलाघूर्ण (Damping Torque)

1. विक्षेपण बलाघूर्ण (Deflacting Torque)—वह बलाघूर्ण जिसके कारण संकेतक पैमाने पर गति करता है। विक्षेपण बलाघूर्ण कहलाता है।



❖ विक्षेपण बलाघूर्ण मापे जाने वाली राशि से प्राप्त होता है।

2. नियंत्रक बलाघूर्ण (Controlling Torque)—वह बलाघूर्ण जिसके द्वारा संकेतक की गति को पैमाने पर नियंत्रित किया जाता है। नियंत्रित बलाघूर्ण कहलाता है।



❖ नियंत्रक बलाघूर्ण के लिए फॉस्फोर ब्रोन्ज स्प्रिंग तथा गुरुत्वीय त्वरण विधि का उपयोग किया जाता है।

❖ नियंत्रक बलाघूर्ण की दिशा विक्षेपण बलाघूर्ण की दिशा के विपरीत होती है।

3. अवमंदक बलाघूर्ण (Damping Torque)—वह बलाघूर्ण जिसके द्वारा पैमाने पर संकेतक की गति को नियंत्रित किया जाता है। अवमंदक बलाघूर्ण कहलाता है अवमंदक बलाघूर्ण पूर्ण पैमाने के निकट कार्य करता है।



अवमंदक बलाघूर्ण के लिए निम्न प्रकार की **डैम्पिंग** का उपयोग किया जाता है।

(i) वायु घर्षण अवमंदन (Air Frication Damping)
(ii) भँवर धारा अवमंदन (Eddy Current Damping)
(iii) द्रव घर्षण अवमंदन (Fluid Friction Damping)
(iv) विद्युत चुम्बकीय अवमंदन (Electromagnetic Damping)

(i) वायु घर्षण अवमंदन (Air Frication Damping)—वायु घर्षण अवमंदन का उपयोग वहाँ किया जाता है। जहाँ चुम्बकीय क्षेत्र का मान कम होता है। जैसे—विद्युत गति यंत्र (इलेक्ट्रोडायनोमीटर), चल लौहा यंत्र (मूविंग आयरन)



(ii) भँवर धारा अवमंदन (Eddy Current Damping)—भँवर धारा अवमंदन का उपयोग वहाँ किया जाता है। जहाँ चुम्बकीय क्षेत्र मजबूत होता है। जैसे—स्थायी चुम्बक, चल कुण्डली यंत्र (PMMC), प्रेरण प्रकार के यंत्रों में।

13 हस्त औजार एवं विवरण [Hand Toods and Specification]

❖ विद्युत कार्य जैसे—वायरिंग, मशीन, उपकरण आदि की स्थापना, मरम्मत तथा रख-रखाव सरलता से करने हेतु हाथ औजारों की आवश्यकता होती है, जो कार्य संपादन के अनुरूप बनाये जाते हैं। ये विभिन्न माप तथा धातु के निर्मित होते हैं। हाथ औजार विभिन्न प्रकार के होते हैं, जैसे
(i) पेचों, नट-बोल्ट को खोलने-कसने वाले औजार।
(ii) वस्तुओं को पकड़ने वाले औजार।
(iii) तारों आदि को काटने, मोड़ने, पकड़ने, छीलने वाले औजार।
(iv) लकड़ी या धातु को काटने वाले औजार।
(v) ठोकने, पीटने वाले औजार।
(vi) छिद्र (Hole) करने वाले औजार।
(vii) मापने व जाँच करने वाले औजार इत्यादि।

पेचकस (Screw Driver)

❖ यह सबसे आवश्यक औजार है। यह पेचों को खोलने व कसने के काम में लिया जाता है। इसके तीन भाग होते हैं—हैंडल, बिट व टिप। पेचकस का साइज उसके बिट से लिया जाता है। टिप की चौड़ाई पृथक-पृथक होती है। इसका हैण्डल लकड़ी, प्लास्टिक या सैलुलायड का बना होता है। बिट हाई कार्बन स्टील की बनाई जाती है तथा उस पर निकिल या क्रोमियम प्लेटिंग किया होता है। ये 75, 100, 150, 250, 300 mm माप में बनाये जाते हैं। 75 या 100 mm साइज के छोटे पेचकस को टर्मिनल या कनैक्टर (Connector) पेचकस कहा जाता है। इसे छोटे पेच या सहायक विद्युत सामग्री (Accessories) जैसे- स्विच सॉकेट, होल्डर आदि को खोलने, फिट करने हेतु प्रयोग किया जाता है। क्रॉस टिप के पेचकस को फिलिप्स स्क्रू ड्राईवर कहते हैं। विभिन्न प्रकार के टिप्स के समान साइज के बिट वाले पेचकस एक पृथक हैण्डल में फिट होने वाले 6 पीस के सैट में मिलते हैं। सैट वाले पेचकसों के हैण्डल में Neon Tester भी दिया होता है।

Fig.: Screw driver

सावधानियाँ:

- पेचकस की tip तेज नहीं होनी चाहिए।
- इसे उत्तोलक (Lever) की भाँति प्रयोग नहीं करें।
- इसे जेब में नहीं रखना चाहिए अन्यथा शरीर पर खरोंच लग सकती है।
- टूटे हैण्डल वाला पेचकस प्रयोग नहीं करें।
- पेच के स्लॉट की लम्बाई साईज का ही पेचकस प्रयोग में लेना चाहिए।
- पेचकस को पेच के ऊपर बिल्कुल सीधा ही प्रयोग करें।
- पेचकस के हैण्डल पर हथौड़े का प्रयोग कदापि नहीं करें।
- जीवित परिपथ में (Setting) उपयोग करते समय इन्सुलेटेड बिट वाला पेचकस प्रयोग करें।
- पेचकस की टिप को पेच के स्लॉट में ठीक प्रकार से फिट होना चाहिए।

कम्बीनेशन प्लायर (Combination Pliers)

❖ यह तारों को पकड़ने, काटने, मोड़ने के काम आता है। इसके पकड़ने वाले भागों पर रबड़ 5000V का कुचालक चढ़ा होता है ताकि जीवित तारों पर कार्य किया जा सके। यह लम्बाई के अनुसार 120, 150, 200 mm साइज में मिलते हैं। 200 mm माप के कम्बीनेशन प्लायर जिस पर हार्ड रबड़ का मोटा इन्सूलेशन चढ़ा होता है, को (Heavy Duty) प्लायर कहते हैं। यह अधिकतर सिरोपरी (Over Head) लाइन पर कार्य हेतु प्रयोग किया जाता है। यह प्राय: उच्च कार्बन इस्पात के बनाये जाते हैं। अच्छी गुणवत्ता के प्लायर Venadium इस्पात के बनाये जाते हैं। यह ज्वाईंट बनाने में प्रयोग किया जाता है।

Fig.: Combination pliers insulated

लम्बी नोक प्लायर (Long Nose Pliers)

❖ यह प्लायर तारों को पकड़ने, मरोड़ने, रिंग बनाने के काम आता है। यह फ्लैट नोज़ (Nose) तथा राउन्ड नोज़ प्रकार के होते हैं। इनके हैण्डल पर रबड़ का इन्सुलेशन चढ़ा होता है। यह उच्च कार्बन स्टील तथा Venadium स्टील के बनाये जाते हैं। यह प्राय: 100 mm तथा 150 mm माप में बनाये जाते हैं। जहाँ कम्बीनेशन प्लायर का प्रयोग नहीं किया जा सकता वहाँ नोज़ प्लायर को नट आदि खोलने-कसने के कार्य में प्रयोग करते हैं।

Fig.: Long nose pliers insulated

साइड कटर प्लायर (Side Cutting Pliers)

इसका कटर प्लायर के साईड में होता है जो सीधा या विकर्ण (Diagonal) होता है। यह तारों को काटने, जोड़ने आदि में तथा फालतू तार को काटने आदि में प्रयोग किया जाता है। यह उच्च कार्बन इस्पात के तथा अच्छी गुणवत्ता वाली Vanedium इस्पात के बनाये जाते हैं। यह 100, 150 mm माप के बनाये जाते हैं। यह प्लायर प्राय: आर्मेचर वाइन्डिंग, रेडियो असेम्बलिंग कार्य तथा इलैक्ट्रोनिक्स कार्य में प्रयोग किया जाता है।

14 डिजिटल इलैक्ट्रोनिक्स [Digital Electronic]

संख्या पद्धति (Number System)

❖ मुख्य रूप से चार प्रकार के नम्बर सिस्टम का उपयोग किया जाता है।

(1) दशमलव संख्या पद्धति (Decimal Number System)
(2) बाइनरी संख्या पद्धति (Binary Number System)
(3) ऑक्टल संख्या पद्धति (Octal Number System)
(4) हैक्साडैसीमल संख्या पद्धति (Hexadecimal Number System)

(1) दशमलव संख्या पद्धति (Decimal Number System)— दशमलव संख्या पद्धति का आधार 10 होता है इसमें अंकों की संख्या 0–9 तक होती है।

(2) बाइनरी संख्या पद्धति (Binary Number System)— बाइनरी संख्या पद्धति का आधार 2 होता है इसमें अंकों की संख्या 0 से 1 होती है।

(3) ऑक्टल संख्या पद्धति (Octal Number System)— ऑक्टल संख्या पद्धति का आधार 8 होता है इसमें अंकों की संख्या 0 से 7 होती है।

(4) हैक्साडेसीमल संख्या पद्धति (Hexadecimal Number System)—हैक्साडेसीमल संख्या पद्धति का आधार 16 होता है। इसमें अंक 0 – F होता है।

A – 10 B – 11 C – 12
D – 13 E – 14 F – 15

❖ **दशमलव अंक को बाइनरी में बदलना**

$(75)_{10} = (1001011)_2$

2	75	1 LSB least significant bit
2	37	1
2	18	0
2	9	1
2	4	0
2	2	0
	1	1 MSB most signficant bit

$(225)_{10} = (11100001)_2$

2	225	–1
2	112	–0
2	56	–0
2	28	–0
2	14	–0
2	7	–1
2	3	–1
2	1	–1

$(.234)_{10} = (.001)_2$ $(.125)_{10} = (.001)_2$

.234 × 2 = 0.468 .125 × 2 = 0.250
.468 × 2 = 0.936 .250 × 2 = 0.500
.936 × 2 = 1.873 .500 × 2 = 0.1000

$(.50)_{10} = (.1)_2$
$(.25)_{10} = (.01)_2$
$(.75)_{10} = (.11)_2$

❖ **बाइनरी से दशमलव अंक में बदलना**

1	1	0 (x)	1	1	1
32	16	8	4	2	1

$(110111)_2 = (55)_{10}$

1	0 (x)	0 (x)	0 (x)	1	0 (x)	1	1
128	64	32	16	8	4	2	1

$(10001011)_2 = (139)_{10}$

1	1	1	1	0 (x)	1	1
64	32	16	8	4	2	1

$(1111011)_2 = (123)_{10}$

डिजिटल गेट (Digital Gate)

❖ डिजिटल गेट तीन प्रकार के होते है

(A) Basic Gate
(B) Universal gate
(C) Exclusive gate

(A) Basic Gate—ये तीन प्रकार के होते है।

(1) Not gate (2) AND gate
(3) OR gate

(1) Not Gate—इसे इन्वर्टर गेट भी कहा जाता है। इसमें इनपुट की संख्या एक होती है।

इसका Output $= Y = \bar{A}$ होता है

सत्यता सारणी



S.No.	Input	Output
1	0	1
2	1	0

❖ यदि सम संख्या में नोट गेट जोड़े जाये तो इसका output – input के समान होगा



❖ यदि विषम संख्या में नोट गेट जोड़े तो इसका output–input के विपरीत होता हैं।



Not Gate

15 सैल व बैटरी [Cell and Battery]

सैल (Cell)

❖ वह युक्ति जिसके द्वारा रासायनिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित किया जाता है **सैल** कहलाती है।

❖ सैल मुख्य रूप से दो प्रकार के होते है।
(1) प्राथमिक सैल (Primary Cell)
(2) द्वितीयक सैल (Secondary Cell)

(1) प्राथमिक सैल (Primary Cell)—ऐसे सैल जिन्हें एक बार उपयोग में लेने के पश्चात पुन: उपयोग में नहीं लिया जाता अर्थात् जिन्हें आवेशित नहीं किया जा सकता प्राथमिक सैल कहलाते है। प्राथमिक सैल निम्न प्रकार के है—
(1) शुष्क सैल (Dry Cell)
(2) डेनियल सैल (Denial Cell)
(3) लैक्लांशी सैल (Lachlance Cell)
(4) वोल्टेइक सैल (Voltaic Cell)

(2) द्वितीयक सैल (Secondary Cell)—वह सैल जिन्हें आवेशित किया जा सकता है अर्थात् पुन: उपयोग में लिया जा सकता है द्वितीयक सैल कहलाते है।
(1) सीसा संचायक सैल (Lead Acid Battery)
(2) निकिल कैडमियम सैल (Ni-Cd Battery)
(3) निकिल आयरन सैल या एडीसन सैल (Ni-Fe Battery or Edison cell)

1. निम्न में से निकिल आयरन सैल को किस नाम से जाना जाता है।
(A) शुष्क सैल (B) डेनियल सैल
(C) लैक्लांशी सैल (D) वोल्टेइक सैल
(E) एडीसन सैल **[E]**

2. निम्न में से कौनसा प्राथमिक सैल नहीं है
(A) शुष्क सैल (B) डेनियल सैल
(C) लैक्लांशी सैल (D) वोल्टेइक सैल
(E) एडीसन सैल **[E]**

3. निम्न में से कौनसा प्राथमिक सैल है।
(A) सीसा संचायक सैल (B) निकिल कैडनियम सैल
(C) निकिल आयरन सैल या एडीसन सैल
(D) डेनियल सैल (E) इनमें से कोई नहीं **[D]**

Note— वोल्टेज रेटिंग बढ़ाने हेतु सैलों को श्रेणी क्रम में जोड़ा जाता है।

4. 6V की 4 बैटरीयों को श्रेणीक्रम में संयोजित किया गया है तो बताये बैटरी का कुल वोल्टेज होगा?
(A) 12V (B) 6V (C) 24V (D) 18V
(E) None **[C]**

5. यदि 2V की 5 बैटरी श्रेणीक्रम में संयोजित की गयी है गलती से 1 बैटरी की ध्रुवता परिवर्तित हो जाती है तो इस संयोजन का कुल वोल्टेज होगा।
(A) 12V (B) 6V (C) 4V (D) 8V **[B]**

हल— $2 + 2 + 2 + 2 - 2 = 6V$

Note—धारा रेटिंग बढ़ाने के लिए सैलों को समान्तर क्रम में जोड़ा जाता है इस समय वोल्टेज का मान प्रत्येक सैल में बराबर होता है।

❖ असमान वोल्टता के सैल कभी भी समान्तर क्रम में नहीं जोड़े जा सकते क्योंकि घुमाव धारा के कारण दोनों ही सैल क्षतिग्रस्त हो जाते है।

1. यदि 2V की 8 बैटरियों को समान्तर क्रम में जोड़ा गया है इनमें प्रत्येक सैल की धारा 1A है तो इस संयोजन के लिए कौनसा कथन सत्य होगा?
(A) 2V, 1A (B) 16V, 8A
(C) 2V, 8A (D) 8V, 2A
(E) None **[C]**

2. यदि 3V की 6 बैटरियों को समान्तर क्रम में जोड़ा गया है तो इनकी तुल्य वोल्टता होगी।
(A) 18V (B) 6V (C) 12V (D) 3V
(E) None **[D]**

बैटरी (Battery)

❖ सैलों के संयोजन को बैटरी कहा जाता है।
❖ बैटरी की क्षमता AH (एम्पियर हॉवर) में ली जाती है।
❖ 1AH (एम्पियर हॉवर) की बैटरी 3600C आवेश संचित करती है।
[1AH = 3600C]
❖ बैटरी की सामान्यतया दक्षता AH (एम्पियर हॉवर) में ली जाती है और यह दक्षता WH (वॉट हॉवर) दक्षता से अधिक होती है।
❖ सामान्यत: बैटरी की AH दक्षता ⇒ 80–90% तक होती है।
❖ सामान्यत: बैटरी की WH दक्षता ⇒ 70–80% तक होती है।

बैटरी में उत्पन्न दोष (Fault in Battery)

❖ बैटरी में उत्पन्न दोष
(1) सल्फेशन (2) बकलिंग
(3) कोरोजन (संक्षारण) (4) सेडीमेशन/सेडीमेन्टेशन

(1) सल्फेशन दोष—यदि किसी बैटरी को लम्बे समय से उपयोग में नहीं लिया जाये तो बैटरी पर लेड परॉक्साइड की परत जम जाने से बैट्री की प्लेट कठोर व सक्त हो जाती है बैटरी में उत्पन्न यह दोष सल्फेशन दोष कहलाता है।

उपाय—बैटरी को इस दोष से बचाने हेतु जब बैटरी को उपयोग में नहीं लिया जाये तब इसे पानी निकालकर अलग रख देना चाहिए।

17 अर्द्धचालक व डायोड [Semiconductor & Diode]

अर्द्धचालक (Semiconductor)

❖ ऐसे पदार्थ जो शून्य ताप पर कुचालक की भाँति कार्य करते है। लेकिन ताप बढ़ाने पर चालक की भाँति व्यवहार करते है। अर्द्धचालक कहलाते है। Ex. सिलिकॉन (Si) जर्मेनियम (Ge)

❖ अर्द्धचालकों के बाह्यतम कक्ष में मुक्त इलेक्ट्रॉन की संख्या चार होती है।

K L M N O $\Rightarrow$ कक्षक

2 8 18 32 50 $\Rightarrow$ अधिकतम इलेक्ट्रोन की संख्या



उदाहरण—वर्जित ऊर्जा अन्तराल (Forbidden Energy Gap)

❖ शून्य ताप पर संयोजी बैण्ड व चालन बैण्ड दोनों के मध्य वर्जित ऊर्जा अन्तराल का मान इतना अधिक होता है। कि इलेक्ट्रॉन संयोजी बैण्ड से चालन बैण्ड में नहीं जा पाते है। जिसके कारण धारा का प्रवाह नहीं होता है।

❖ यदि ताप को बढ़ाया जाये तो वर्जित ऊर्जा अंतराल का मान घटता है। जिसके कारण इलेक्ट्रॉन संयोजी बैंड से चालन बैंड में जाना प्रारम्भ कर देते है। और विद्युत धारा का प्रवाह होता हैं।

वर्जित ऊर्जा अंतराल (Forbidden Energy Gap)

❖ संयोजी बैंड व चालन बैंड के मध्य ऊर्जा का अंतर वर्जित ऊर्जा अंतराल कहलाता है। वर्जित ऊर्जा अंतराल को इलेक्ट्रॉन वोल्ट (eV) में मापा जाता है। इलेक्ट्रॉन वोल्ट ऊर्जा की इकाई है।

$$\boxed{1\text{eV} = 1.602 \times 10^{-19}\text{J}}$$

1. Si के लिए 0K ताप पर ऊर्जा का मान होता है—

(A) 1.1eV (B) 1eV
(C) 0.72eV (D) 0.78eV
(E) 1.21eV **[E]**

2. अर्द्धचालकों के बाह्यतम कक्षक में e^- की संख्या होती है।

(A) 14 (B) 32 (C) 8 (D) 4
(E) 2 **[D]**

3. एक Si परमाणु में इलेक्ट्रॉन की संख्या होती है।

(A) 14 (B) 32 (C) 8 (D) 4
(E) 2 **[A]**

4. निम्न में से ऊर्जा की इकाई है।

(A) कूलाम (B) वाट
(C) इलेक्ट्रॉन (D) eV
(E) M/Sec. **[D]**

5. कमरे के ताप पर Ge के लिए वर्जित ऊर्जा अंतराल होता है।

(A) 1.1 eV (B) 1 eV
(C) 0.72 eV (D) 0.78 eV
(E) 1.21 eV **[C]**

अर्द्धचालक पर तापमान का प्रभाव (Effect of temprature on semi-conductor)

❖ अर्द्धचालकों का ताप गुणांक ऋणात्मक होता है।
❖ ताप बढ़ाने पर अर्द्धचालकों को प्रतिरोध घटता है।
❖ अर्द्धचालको का ताप बढ़ाने पर प्रतिरोधकता घटती है।
❖ अर्द्धचालकों का ताप बढ़ाने पर चालकता बढ़ती है।

$$\begin{bmatrix} R\downarrow \rho\downarrow T\uparrow \\ \sigma\uparrow T\uparrow \end{bmatrix}$$

1. यदि किसी सामग्री का ताप बढ़ाने पर उसका प्रतिरोध घटता है तो वह निम्न में से होगी।

(A) ताँबा (B) लौहा
(C) नाइक्रोम (D) सिलिकन
(E) None **[D]**

2. यदि एक सिलिकन अर्द्धचालक का ताप बढ़ा दिया जाये तो चालकता पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

(A) बढ़ेगी (B) घटेगी
(C) स्थिर (D) आँकड़े पर्याप्त है
(E) None **[D]**

अर्द्धचालक के प्रकार (Types of Semi-conductor)

(1) शुद्ध अर्द्धचालक (Intransic semi-conductor)
(2) अशुद्ध अर्द्धचालक (Extransic semi-conductor)

(1) शुद्ध अर्द्धचालक (Intransic semi-conductor)—शुद्ध अर्द्धचालकों में इलेक्ट्रॉन और holes की संख्या बराबर होती है।

❖ इन्हें नैज-अर्द्धचालक भी कहा जाता है।

18 दिष्टकारी [Rectifier]

परिचय (Introduction)

- वह युक्ति जिसके द्वारा AC को DC में परिवर्तित किया जाता है रेक्टीफायर कहलाते है।
- Output तरंग के आधार पर यह दो प्रकार के होते है
  (1) अर्द्ध तरंग दिष्टकारी (Half Wave Rectifier)
  (2) पूर्ण तरंग दिष्टकारी (Full Wave Rectifier)

अर्द्धतरंग दिष्टकारी (Half Wave Rectifier)





- हॉफ वेव रेक्टीफायर में एक डायोड का उपयोग किया जाता है।
- अर्द्ध तरंग रेक्टीफायर में input की आधी तरंग को ही D.C. में बदला जाता है।
- हॉफ वेव रेक्टीफायर का output $\boxed{\left(V_0 = \frac{V_m}{\pi}\right)}$ होता है।

  V_m = अधिकतम वोल्टेज
- हॉफ वेव रेक्टीफायर के लिए $\boxed{V_{rms} = \frac{V_m}{2}}$ होता है।
- अर्द्धतरंग रेक्टिफायर के लिए फार्म फैक्टर का मान $\frac{\pi}{2}$ या $\frac{3.14}{2}$ या $\boxed{1.57}$ होता है।
- अर्द्धतरंग रेक्टिफायर के लिए पीक फैक्टर का मान $\boxed{2}$ होता है।
- अर्द्धतरंग दिष्टकारी की दक्षता $\boxed{40.6\%}$ होती है।
- अर्द्धतरंग दिष्टकारी में रिप्पल आवृति सप्लाई आवृति के बराबर होती हैं।

  $\boxed{F_s = F_{rp}}$
- अर्द्धतरंग दिष्टकारी में रिप्पल फैक्टर (ऊर्मिका गुणक) का मान **1.21** होता है।
- Output में AC के कुछ अवयव शेष रह जाते हैं जिन्हें उर्मिका कहा जाता है।

पूर्ण तरंग दिष्टकारी (Full Wave Rectifier)

- जो इनपुट कि पूर्ण तरंग को DC में परिवर्तित करते है यह पूर्ण तरंग दिष्टकारी कहलाते है।
- पूर्ण तरंग दिष्टकारी दो प्रकार के होते है
  (i) मध्य निकासी रेक्टिफायर (Center Tap Rectifier)
  (ii) सेतु दिष्टकारी (Bridge Rectifier)

(i) मध्य निकासी रेक्टिफायर (Center Tap Rectifier)—





- सेन्टर टैप रेक्टिफायर में दो डायोड होते है।
- सेन्टर टैप रेक्टिफायर के धनात्मक अर्द्ध चक्र में डायोड D_1 कार्य करता है तथा ऋणात्मक अर्द्धचक्र में डायोड D_2 कार्य करता है।
- सेन्टर टैप रेक्टीफायर की दक्षता **81.2%** होती है।
- सेन्टर टेप रेक्टीफायर में रिप्पल आवृति सप्लाई आवृति की दुगुनी होती है।

  $\boxed{f_{rp} = 2f_s}$

  f_{rp} = रिप्पल आवृति, f_s = सप्लाई आवृति
- सेन्टर टैप रेक्टीफायर का output $\boxed{\left[V_0 = \frac{2V_m}{\pi}\right]}$ होता हैं।
- सेन्टर टैप रेक्टीफायर में फार्म फैक्टर का मान $\boxed{1.11}$ होता है।
- सेन्टर टैप रेक्टीफायर में पीक फैक्टर का मान $\boxed{1.414}$ होता है।
- सेन्टर टैप रेक्टिफायर में रिप्पल फैक्टर का मान $\boxed{0.48}$ होता है।
- सेन्टर टैप रेक्टिफायर में पीक इनवर्स वोल्टेज का मान $\boxed{2V_m}$ के बराबर होता है।
- **शीर्ष व्युत्क्रम वोल्टता (Peak Inverse Voltage)**—वह अधिकतम वोल्टेज जो डायोड रिवर्स बायस अवस्था में बिना भंजित हुए संहन कर सकता है पीक इनवर्स वोल्टेज कहलाता है।
- **मध्य निकासी रेक्टिफायर की कमियाँ**—एक ट्रांसफार्मर की आवश्यकता होती है जो कि बहुत महंगा होता हैं।
- पीक इनवर्स वोल्टेज का मान अधिक होता है।

(ii) सेतु दिष्टकारी (Bridge Rectifier)—

- धनात्मक अर्द्धचक्र में डायोड D_1 व D_2 कार्य करते है।
- ऋणात्मक अर्द्धचक्र में डायोड D_3 व D_4 कार्य करते है।
- ब्रिज रेक्टीफायर में चार डायोड होते है।

19 ट्रांजिस्टर व प्रवर्धक [Transistor & Amplifier]

परिचय (Introduction)

- ❖ ट्रांजिस्टर में तीन टर्मिनल होते है
  - (1) इमीटर (E) उत्सर्जक
  - (2) कलैक्टर (C) संग्राहक
  - (3) बेस (B) आधार
- ❖ ट्रांजिस्टर में तीन (3 Layer) परते होती हैं।
- ❖ ट्रांजिस्टर में 2PN सन्धि (Junction) होती है।
- ❖ ट्रांजिस्टर में 2 अवक्षय परत होती है।
- ❖ ट्रांजिस्टर में सबसे बड़ा आकार कलेक्टर (संग्राहक) का होता है।
- ❖ ट्रांजिस्टर में सबसे छोटा आकार बेस (आधार) का होता है।
- ❖ ट्रांजिस्टर में सबसे अधिक डोपिंग इमीटर (उत्सर्जक) की जाती है।
- ❖ ट्रांजिस्टर में सबसे कम डोपिंग बेस की जाती है।
- ❖ ट्रांजिस्टर में कलेक्टर की डोपिंग बेस से ज्यादा व इमीटर से कम की जाती है।
- ❖ ट्रांजिस्टर को इलेक्ट्रोनिक्स का हृदय कहा जाता है।

उत्सर्जक (Emitter)

- ❖ यह वह टर्मिनल होता है जिसकी डोपिंग (अशुद्धि) सर्वाधिक की जाती है।
- ❖ इस टर्मिनल का मुख्य कार्य इलेक्ट्रोन का उत्सर्जन करना होता है।

संग्राहक (Collector)

- ❖ संग्राहक का मुख्य कार्य इलेक्ट्रॉन को संग्रहित करना होता है और इस टर्मिनल पर अत्यधिक ऊष्मा (हीट) उत्पन्न होती है। इसलिए इस टर्मिनल का आकार बड़ा रखा जाता है इसलिए Heat Sink (ऊष्मा अभिगम) का प्रयोग किया जाता है।

आधार (Base)

- ❖ ट्रांजिस्टर में बेस इमीटर व कलैक्टर के मध्य एक पतला क्षेत्र होता है।

ट्रांजिस्टर के प्रकार (Types of Transistor)

(1) एन.पी.एन. ट्रांजिस्टर (N.P.N. Transistor)

(2) पी.एन.पी. ट्रांजिस्टर (P.N.P. Transistor)

(1) एन.पी.एन. ट्रांजिस्टर (N.P.N. Transistor)

- ❖ NPN ट्रांजिस्टर में बहुसंख्यक आवेश वाहक इलेक्ट्रॉन होते है।
- ❖ NPN ट्रांजिस्टर में अल्पसंख्यक आवेश वाहक होल्स होते है।
- ❖ NPN ट्रांजिस्टर में धारा की दिशा आधार से उत्सर्जक की ओर होती है।
- ❖ इलेक्ट्रॉन की चालकता होल्स की तुलना में अधिक होती है इसलिए NPN ट्रांजिस्टर का उपयोग PNP की तुलना में अधिक किया जाता है।





(2) पी.एन.पी. ट्रांजिस्टर (PNP Transistor)





- ❖ PNP ट्रांजिस्टर में बहुसंख्यक आवेश वाहक होल्स होते है।
- ❖ PNP ट्रांजिस्टर में अल्पसंख्यक आवेश वाहक इलेक्ट्रॉन होते है।
- ❖ PNP ट्रांजिस्टर में धारा की दिशा उत्सर्जक से आधार की ओर होती है।

1. NPN ट्रांजिस्टर में बेस किस प्रकार का होता है।

(A) N (B) P
(C) (A) व (B) (D) आँकड़े अपर्याप्त है
(E) None **[B]**

2. ट्रांजिस्टर में धारा की दिशा को दर्शाया जाता है।

(A) आधार (B) संग्राहक
(C) उत्सर्जक (D) (A), (B), (C) **[C]**

20 दोलित्र व शक्ति अर्द्धचालक युक्तियाँ [Oscillators & Power Semiconductor Device]

परिचय (Introduction)

❖ यदि एम्पलीफायर को धनात्मक फिडबैक के साथ उपयोग में लिया जाए तो यह **दोलित्र** कहलाता है।
❖ दोलित्र DC को AC में परिवर्तित करता है।
❖ दोलित्र में धनात्मक फिडबैक का उपयोग किया जाता है।
❖ दोलित्र एक ऐसी युक्ति है जो विभिन्न आवृतियों की तरंग उत्पन्न करती है।
❖ दोलित्र में टैक परिपथ का उपयोग किया जाता है।
❖ टैंक परिपथ में कम से कम एक केपेसिटर का होना आवश्यक है।

दोलित्र के प्रकार (Types of Oscillator)

(1) ज्यावक्रीय दोलित्र (Sinusoidal Oscillator)
(2) अज्यावक्रीय दोलित्र (Non-sinusoical Oscillator)

(1) ज्यावक्रीय दोलित्र (Sinusoidal Oscillator)

❖ वह दोलित्र जिनके द्वारा ज्यातरंग उत्पन्न की जाती है। **ज्यावक्रीय दोलित्र** कहलाते है।
❖ ज्यावक्रीय दोलित्र निम्न प्रकार के होते है।
(i) हार्टले दोलित्र (Hartley Oscillator)
(ii) कॉलपीट दोलित्र (Callpite Oscillator)
(iii) क्रिस्टल दोलित्र (Crystal Oscillator)
(iv) विन ब्रिज दोलित्र (Weinbridge Oscillator)
(v) RC फेज शिफ्ट दोलित्र (RC Phase Shift Oscillator)

(2) अज्यावक्रीय दोलित्र (Non-sinusoical Oscillator)

❖ वह दोलित्र जो वर्गाकार, आयताकार, त्रिभुजाकार इत्यादि तरंग उत्पन्न करते है वे **अज्यावक्रीय दोलित्र** कहलाते हैं।

Note—इन्हें बहुकंपित्र (मल्टीबाइब्रेटर) भी कहा जाता है।

❖ अज्यावक्रीय दोलित्र के प्रकार
 ❖ ऐस्टेबल मल्टी वाइब्रेटर (Astable multivibrator)
 ❖ मोनोस्टेबल मल्टीवाइब्रेटर (Monostable multivibrator)
 ❖ वाईस्टेबल मल्टी वाइब्रेटर (Bistable multibirator)

(i) हार्टले दोलित्र (Hartley Oscillator)—हार्टले दोलित्र के टैंक परिपथ में दो इन्डक्टर तथा एक कैपेसिटर का उपयोग किया जाता हैं।

❖ हार्टले दोलित्र की आवृति निम्न सूत्र से ज्ञात की जाती है।

$$\left[f_r = \frac{1}{2\pi\sqrt{LC}}\right]$$

$$L = L_1 + L_2$$

(iii) क्रिस्टल दोलित्र (Crystal Oscillator)



❖ क्रिस्टल दोलित्र में टैंक परिपथ का उपयोग नहीं किया जाता है।

(iv) विन ब्रिज दोलित्र (Weinbridge Oscillator) —विन ब्रिज दोलित्र में धनात्मक व ऋणात्मक दोनों फिड बैक का उपयोग किया जाता है।

❖ विन ब्रिज दोलित्र की आवृति

$$\left[f_r = \frac{1}{2\pi RC}\right]$$

$$\left[f_r = \frac{1}{2\pi\sqrt{R_1R_2C_1C_2}}\right]$$

❖ विन ब्रिज दोलित्र का उपयोग ऑडियो आवृति के लिए किया जाता है।

Note—विन ब्रिज का उपयोग नोच फिल्टर (Notch fitter) में किया जाता है।

❖ विन ब्रिज से धारिता तथा आवृति को मापा जा सकता है।

(v) RC फेज शिफ्ट दोलित्र (RC Phase Shift Oscillator)—RC फेज शिफ्ट दोलित्र में तीन RC परिपथ का उपयोग किया जाता है।

❖ RC फेज शिफ्ट दोलित्र में एक RC परिपथ 60° का फेज शिफ्ट प्रदान करता है।
❖ तीन RC परिपथ मिलकर 180° का फेज शिफ्ट प्रदान करते है।
❖ RC फेज शिफ्ट दोलित्र की आवृति

$$\left[f = \frac{1}{2\pi\sqrt{6}RC}\right]$$

❖ RC फेज शिफ्ट दोलित्र का उपयोग ऑडियो आवृति के लिए किया जाता है।

Note—ऐस्टेबल मल्टीवाईब्रेटर में कोई स्थाई अवस्था नहीं होती हैं।

❖ मोनोस्टेबल मल्टीवाईब्रेटर में एक स्थाई अवस्था होती है तथा एक अस्थाई अवस्था होती है।
❖ वाईस्टेबल मल्टीवाईब्रेटर में दो स्थाई अवस्था होती है।

1. निम्न में से किस दोलित्र की आवृति स्थिर होती है।
(A) हार्टले दोलित्र (B) कॉलपिट दोलित्र
(C) विन ब्रिज दौलित्र (D) क्रिस्टल दोलित्र **[D]**

21 विद्युत शक्ति प्रणाली [Power System]

- शक्ति प्रणाली (Power System)
  - विद्युत उत्पादन
    - परम्परागत
      - हाइड्रो पॉवर प्लांट (जल विद्युत शक्ति संयंत्र)
      - थर्मल पॉवर प्लांट (वाष्प शक्ति संयंत्र)
      - न्यूक्लियर पॉवर प्लांट (परमाणु शक्ति संयंत्र)
    - गैर परम्परागत
      - सौर ऊर्जा
      - तापीय ऊर्जा
      - पवन ऊर्जा
  - विद्युत परेषण
    - तार
    - खम्भे/लट्ठे
    - विद्युत रोधक
    - आइसोलेटर
    - M.C.B.
    - रिले/फ्युज
  - विद्युत वितरण
    - फिडर
    - वितरण
    - सर्विस मैन
    - वायर

❖ भारत में सर्वाधिक बिजली तापीय शक्ति संयंत्र या वाष्पशक्ति संयंत्र के द्वारा उत्पन्न की जाती है।

❖ भारत में तुल्यकालिक जनित्र या प्रत्यावर्तक के द्वारा उत्पन्न सिक्रोनस वोल्टेज 11kV व 33kV होते है।

❖ भारत की विद्युत उत्पादन क्षमता 125 गीगावाट है।

❖ भविष्य में ऊर्जा की माँग को केवल परमाणु शक्ति संयंत्र के द्वारा पूरी की जा सकती है।

❖ भारत में पहला परमाणु शक्ति संयंत्र तारापुर महाराष्ट्र में स्थापित किया गया।

❖ सामान्यत: घरेलू वितरण के लिए 240 Volt rms सप्लाई का उपयोग किया जाता है।

विद्युत उत्पादन (Electric Power Generation)

हाइड्रो पॉवर प्लांट (Hydro Power Plant)



❖ **जलकुण्ड (रेजवोयर)**—जल कुण्ड का मुख्य कार्य पानी को एकत्रित करके रखना होता है।

❖ **बाँध (DAM)**—बाँध RCC का बना होता है इसका मुख्य कार्य कृत्रिम जल शीर्ष (Artificial Head) प्रदान करना है।

❖ बाँध का मुख्य कार्य जल को रोकना होता है।

❖ **प्रैशर चैनल**—प्रैशर चैनल का मुख्य कार्य वाल्व हाउस तक जल पहुँचाना होता है।

❖ **सर्ज टैंक**—सर्ज टैंक का मुख्य कार्य पेनस्टॉक को क्षतिग्रस्त होने से बचाना होता है।

❖ सर्ज टैंक वाटर हैमर से भी सुरक्षा प्रदान करता है।

Note—केपलान प्रतिक्रिया प्रकार की टरबाइन होती है।

❖ **पेन स्टॉक**—पेनस्टॉक लगभग ऊर्ध्वाधर स्थापित किया जाता है।

❖ पेनस्टॉक का मुख्य कार्य जल की स्थितिज ऊर्जा को गतिज ऊर्जा में बदलना होता है।

❖ पेनस्टॉक RCC का बना होता है।

❖ **वाल्व हाउस**—वाल्व हाउस का मुख्य कार्य जल के बहाव को नियंत्रित करना होता है।

❖ **टरबाइन**—टरबाइन का मुख्य कार्य जल की गतिज ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में बदलना होता है।

❖ जल टरबाइन मुख्य रूप से तीन प्रकार के होते है।

(1) **केपलॉन व प्रोपेलर**—उपयोग निम्न जल शीर्ष के लिए (0–30 m)

(2) **फ्रांसिस**—उपयोग मध्यम जल शीर्ष के लिए (45-300)

(3) **पेल्टन व्हील**—उपयोग उच्च जल शीर्ष के लिए आवेग प्रकार की टरबाइन होती है 300 मीटर अधिक

❖ **ड्राफ्ट ट्यूब**—जल का उपयोगी कार्य समाप्त हो जाने पर ड्राफ्ट ट्यूब के द्वारा इसे टेल रेस में निष्कासित कर दिया जाता है।

❖ **प्रत्यावर्तक**—प्रत्यावर्तक के द्वारा यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित कर लिया जाता है।

❖ जल विद्युत शक्ति संयंत्र में सैलिऐन्ट पोल अल्टरनेटर का उपयोग किया जाता है।

❖ क्योंकि इसकी गति कम होती है।

❖ **स्पील वे या उत्पल्व मार्ग**—बाढ़ के कारण जमा अतिरिक्त जल को बाहर निकालने हेतु स्पील वे का उपयोग किया जाता है।

❖ **थ्रास रेक**—थ्रास रेक का मुख्य कार्य जल में उपस्थित अशुद्धियों

(A) विद्युत-चुम्बकीय रिले (B) क्लैपर प्रकार की आर्मेचर रिले
(C) तापीय रिलेक (D) रीड रिले **[C]**

व्याख्या—तापीय रिले का उपयोग विलम्ब रिले के रूप में किया जाता है।

38. निम्नलिखित में से किसका उपयोग सामान्यत: वितरण प्रणालियों के लिए नहीं किया जाता है?

[RRB Technician 22.01.2019]

(A) 1 फेज, 4 तार प्रणाली (B) 3 फेज, 3 तार प्रणाली
(C) 3 फेज, 3 तार प्रणाली (D) 1 फेज, 3 तार प्रणाली **[A]**

व्याख्या—विद्युत वितरण में सिंगल फेज 4 प्रणाली का उपयोग नहीं किया जाता है।

39. चुम्बकीय ओरवरलोड रिले की तुलना में उष्मीय ओवरलोड रिले— **[RRB Ahambadad A.L.P. 2014]**

(A) आकार में बड़ी होती है।
(B) अधिक धीमी होती है।
(C) आकार में छोटी होती है।
(D) अधिक तीव्र होती है। **[B]**

व्याख्या—चुम्बकीय ओवरलोड रिले की तुलना में ऊष्मीय ओवरलोड रिले अधिक धीमी होती है।

40. निम्नलिखित में से कौनसा मानक वोल्टेज प्राथमिक वितरण के लिए किया जाता है। **[RRB Technician 22.01.2019]**

(A) 15kV (B) 11kV (C) 1kV (D) 8kV **[B]**

व्याख्या—मानक वोल्टेज वितरण 11kV है।

41. वितरण सूची का उपयोग किसलिए किया जाता है?

[ALP Technician 2019]

(A) अधिक देर तक बिजली का बैकअप प्रदान करने के लिए
(B) उच्च विद्युत क्षमता प्रदान करने के लिए
(C) बिजली की लाईन को उनकी विशेषताओं के अनुसार अलग करने के लिए
(D) बिजली में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए **[C]**

व्याख्या—बिजली की लाइन को उनकी विशेषताओं के अनुसार अलग करने के लिए वितरण सूची का प्रयोग किया जाता है।

42. दिए गए विकल्पों में से उपभोक्ता वितरण के लिए प्रयुक्त, ट्रांसफार्मर कुंडलन परिवर्तन की पहचान कीजिए?

[RRB Technician 23.01.2019]

(A) डेल्टा से स्टार (B) स्टार से डेल्टा
(C) डेल्टा से डेल्टा (D) स्टार से स्टार **[A]**

व्याख्या—उपभोक्ता वितरण के लिए डेल्टा-स्टार ट्रांसफार्मर का उपयोग किया जाता है।

43. सर्किट बेकर में तेल भरने का मुख्य उद्देश्य है—

(A) चारों और की वायु का आयनीकरण रोकना
(B) अचालक प्रभाव पैदा करना
(C) परिपथ के तोड़ते समय पैदा हुई चिंगारी को बुझाना और संयोजकों को ठंडा करना
(D) युक्ति का निम्न तापमान **[C]**

व्याख्या—सर्किट ब्रेकर में तेल भरने का मुख्य उद्देश्य परिपथ को तोड़ते समय पैदा हुई चिंगारी का बुझाना होता है।

44. सर्किट ब्रेकर में दो प्रकार की ट्रिपिंग (tripping) व्यवस्था उपलब्ध होती है? **[RRB Sikandrabad A.L.P. 2008]**

(A) शंट 'ट्रिपिंग' कुंडली एवं अधि-वोल्टता ट्रिपिंग कुंडली
(B) निम्न वोल्टता युक्ति कुंडली एवं अधि-वोल्टता 'ट्रिपिंग' कुंडली
(C) श्रेणी अति, भार, कुंडली एवं निम्न वोल्टता कुंडली
(D) श्रेणी अतिभार 'ट्रिपिंग कुंडली' एवं शंट ट्रिपिंग कुंडली **[D]**

व्याख्या—सर्किट ब्रेकर में श्रेणी अतिभार ट्रिपिंग तथा शंट ट्रिपिंग कुंडली का उपयोग किया जाता है।

45. सर्किट एक ऐसी युक्ति है, जो किसी विद्युत वितरण परिपथ को _____ अवस्था में तोड़ने और जोड़ने का कार्य करती है

[RRB Ajmer A.L.P. 2005]

(A) सामान्य तथा असामान्य (B) सामान्य
(C) असामान्य (D) लोड-रहित **[A]**

व्याख्या—सर्किट ब्रेकर के द्वारा परिपथ को सामान्य तथा असामान्य अवस्था में तोड़ना व जोड़ने का कार्य किया जाता है।

46. तीन फेज चार तार प्रणाली में जब तीन फेज भार संतुलित होता है। तो न्यूट्रल में धारा _____ होती है?

[RRB Ahamdabad 2014]

(A) निम्न (B) उच्च (C) 0 (D) 1 **[C]**

व्याख्या—संतुलित अवस्था में न्यूट्रल धारा का मान शून्य होता है।

$$\boxed{I_R + I_Y + I_B = 0}$$

47. ए.सी. रिले के 'चैटरिंग' दोष को _____ प्रयोग करके दूर किया जा सकता है। **[A.L.P. Technician A.L.P. 2006]**

(A) 'U' आकृति की क्रोड
(B) चल एवं अचल चुम्बकीय भागों की मैचिंग
(C) शेडिंग कुडली
(D) लेमिनेटेड क्रो **[C]**

व्याख्या—AC रिले में चैटरिंग दोष को शेडिंग कुंडली द्वारा दूर किया जाता है।

23 अर्थिंग व आई ई नियम [Earthing & IE Rule]

❖ भारतीय विद्युत नियम 1956 के अनुसार किसी भी विद्युत स्थापना (Electrical Installation) में प्रत्येक उपकरण को अर्थ करना अनिवार्य है।

अर्थिंग करना क्यों जरूरी (Why Earthing is Necessary)

❖ मनुष्य को विद्युत आघात (Electric shock) से बचाना।
❖ आकाशीय बिजली से ओवर हेड लाईनों की सुरक्षा करने हेतु।
❖ क्षरण धारा (Leakage current) से उपकरणों की सुरक्षा करना।

अर्थिंग प्रणाली से संबंधित ISI के नियम

❖ अर्थिंग का प्रतिरोध हमेशा कम से कम होना चाहिए। अर्थ चालक यदि ताँबे का हो तो 1Ω और अगर GI का हो तो 3Ω से अधिक नहीं होना चाहिए।
Large power Station — 0.5Ω
Major substation — 1Ω
Small substation — 2Ω
Tower Footing Resistance — 10Ω
❖ किसी भी इमारत के बाहर इमारत से 1.5 मीटर अन्तर पर अर्थिंग का उपयोग करना चाहिए।
❖ अर्थ चालक सर्किट के कुल करन्ट के दुगुनी प्रवाह क्षमता (Carrying capacity) का होना चाहिए।
❖ अर्थ इलेक्ट्रोड के चारों ओर नमक बालू (रेत) और कोयले कि 15–15cm के अंतराल पर परत डालनी चाहिए।
❖ किसी भी सर्किट में अर्थ चालक का आकार 14 S.W.G. से कम ना हो। मुख्य अर्थ कंडक्टर 8 S.W.G. से कम आकार का न हो।
❖ गर्मियों के दिनों में अर्थ प्रतिरोध (Earth Resistance) कम करने के लिए पानी डालते रहना चाहिए।
❖ Earthing System में ECC (Earth Continuity Conductor) को हानि ना पहुँचे इसके लिए 12mm व्यास के पाइप से होते हुए जमीन के 60cm नीचे से जहाँ जरूरत हो वहाँ पहुँचाना चाहिए।

अर्थिंग के प्रकार (Types of Earthing)

1. रॉड अर्थिंग (Rod Earthing)
2. पाइप अर्थिंग (Pipe Earthing)
3. प्लेट अर्थिंग (Plate Earthing)
4. स्ट्रिप अर्थिंग (Strip Earthing)

1. रॉड अर्थिंग (Rod Earthing)

❖ इस प्रकार का अर्थिंग सिस्टम पाइप अर्थिंग के समान होना है। ग्राउंड रॉड स्थापित करने के लिए रॉड को जमीन में 2.4 मीटर गहराई में हथौड़े मार के गाड़ा जाता हैं।
❖ रॉड अर्थिंग का उपयोग सामान्यत: रेतीली मिट्टी (sand soil) वाली जगह किया जाता है।
❖ रॉड का व्यास 9mm से 14mm तक लिया जाता है।

2. पाइप अर्थिंग (Pipe Earthing)



❖ पाइप अर्थिंग सबसे अच्छी अर्थिंग होती है। क्योंकि इसका उपयोग किसी भी जगह किया जा सकता है।
❖ पाइप अर्थिंग में अर्थिंग पाइप का व्यास 38mm रखा जाता है।
❖ पाइप अर्थिंग में 30cm × 30 cm आकार का गड्ढा 2.4 मीटर की गहराई में खोदा जाता है।
❖ जिसमें अर्थिंग पाइप को गाड़ा जाता है।
❖ अर्थिंग पाइप में 12mm होल्स के अनेक छिद्र किये जाते है।
❖ अर्थिंग पाइप के चारों ओर नमक तथा कोयले की एकान्तर क्रम में परत बिछाई जाती है।
❖ अर्थ कन्टीन्यूटी कंडक्टर के लिए 12.7mm व्यास के पाइप का उपयोग किया जाता है।
❖ पानी की सप्लाई के लिए एक अन्य पाइप जिसका व्यास 19.5mm का उपयोग किया जाता है।
❖ अर्थ तार 8 S.W.G. का उपयोग में लिया जाता है।

3. प्लेट अर्थिंग (Plate Earthing)



(A) भू-इलेक्ट्रोड (B) अर्थ सांतव्य चालक
(C) अर्थ टर्मिनल (D) अर्थ तार **[A]**

व्याख्या—धातु प्लेट, पाइप या अन्य चालक या चालकों का एक समूह जो वैद्युत दृष्टि से पृथ्वी की सतह से भू सम्पर्कित होता है। वह भू इलेक्ट्रोड कहलाता है।

21. अर्थ टेस्टर में धारा प्रतिवर्तक का कार्य ______ है।
[RRB Banglore A.L.P. 25.01.2004]

(A) बिना कम्पन के सूई को स्थिर रखना
(B) डी.सी. को ए.सी. सप्लाई में बदलना
(C) नियंत्रण आघूर्ण प्रदान करना
(D) ए.सी. को डी.सी. सप्लाई में बदलना **[B]**

व्याख्या—अर्थ टेस्टर में धारा प्रतिवर्तक का कार्य डी.सी. को ए.सी. सप्लाई में बदलना होता है।

22. Indian Electricity (IE) नियम (33) के अनुसार आपूर्तिकर्त्ता को उपभोक्ता के मकान पर ______ उचित रूप से प्रदान करना होगा व बनाए रखना होगा?
[RRB Mumbai A.L.P. 03.06.2001]

(A) न्यूटन टर्मिनल (B) अर्थ टर्मिनल
(C) जीवित टर्मिनल (D) फेस टर्मिनल **[B]**

व्याख्या—IE नियम 33 के अनुसार आपूर्तिकर्त्ता को उपभोक्ता के मकान पर अर्थ टर्मिनल उचित रूप से प्रदान करना व बनाए रखना होगा।

23. प्लेट भू-संयोजन से ताँबे की प्लेट के लिए तार की मोटाई 3.15 मिमी होनी चाहिए। यहाँ मोटाई जी.आई. प्लेट के लिए कितनी होगी? **[RRB Mumbai A.L.P. 05.06.2005]**

(A) 6.15 मिमी (B) 5.30 मिमी
(C) 2.30 मिमी (D) 6.30 मिमी **[D]**

व्याख्या—प्लेट भू संयोजन में प्लेट का आकार जब तांबे का बना हो

60cm × 60cm × 3.15mm
↓ ↓ ↓
लंबाई चौड़ाई मोटाई

स्लेट जब जी.आई. की बनी हो।

60cm × 60cm × 6.30mm
↓ ↓ ↓
लंबाई चौड़ाई मोटाई

24. अर्थ टेस्टर का उपयोग भू-इलेक्ट्रोड के प्रतिरोध को मापने के लिए किया है, जिसमें उत्पादित डी.सी. धारा का प्रत्यावर्तक द्वारा ए.सी. में बदला जाता है। अर्थ प्रतिरोध मापने के लिए ए.सी. सप्लाई का उपयोग करने का कारण _____ है।
[RRB Ahamdabad A.L.P. 2014]

(A) ए.सी. तरंग रूप वर्गाकार पल्सेटिंग है।
(B) ए.सी. में ज्या (sine) तरंग रूप होता है।
(C) A.C. प्रतिरोध D.C. प्रतिरोधक से अधिक है।
(D) वैद्युत अपघट्य e.m.f. के कारण त्रुटि कम करना **[D]**

व्याख्या—अर्थ प्रतिरोध मापने के लिए AC सप्लाई का उपयोग करने का मुख्य कारण वैद्युत अपघट्य e.m.f. के कारण त्रुटि को कम करना होता है।

25. सूची-I का सूची-II से मिलान करो?

सूची-I (वस्तु)	सूची-II (प्रयोजन)
(a) जी.आई. पाइप	(i) भूमि को नमी में वृद्धि करना
(b) फनल	(ii) भू-संयोजन तार की सुरक्षा
(c) कवर	(iii) भूमि में नमी वृद्धि हेतु जल डालना
(d) नमक व चारकोल	(iv) भू-संयोजन के गड्ढे को ढ़कना

[RRB Allahabad A.L.P. 09.12.2007]

कूट—
(A) (a)–(i); (b)–(ii); (c)–(iii); (d)–(iv)
(B) (a)–(iv); (b)–(iii); (c)–(ii); (d)–(i)
(C) (a)–(ii); (b)–(iii); (c)–(iv); (d)–(i)
(D) (a)–(iii); (b)–(iv); (c)–(i); (d)–(ii) **[C]**

व्याख्या— G.I. पाइप—भू-संयोजन तार की सुरक्षा।
फनल—भूमि में नमी वृद्धि हेतु जल डालना।
कवर—भू संयोजन के गड्ढे को ढ़कना।
नमक व चारकोल—भूमि की नमी में वृद्धि करना।

26. नीचे चित्र में दर्शाई गई अर्थिंग किस प्रकार की है?



[RRB Kolkata A.L.P. 2014]

(A) लाइन (B) पाइप
(C) प्लेट (D) इनमें से कोई नहीं **[B]**

व्याख्या—दिया गया चित्र पाइप अर्थिंग का है।
पाइप का आंतरिक व्यास 38mm होता है।
पाइप अर्थिंग सबसे अच्छी अर्थिंग होती है।

27. चित्र में किस प्रकार की वायरिंग दर्शाई गई है?



[RRB Kolkata A.L.P. 16.07.2006]

(A) थ्री फेज (B) सिंगल फेज
(C) (A) व (B) दोनों (D) उपरोक्त में से कोई नहीं **[A]**

व्याख्या—चित्र में थ्री फेज वायरिंग को दर्शाया गया है।

लेखक परिचय

Er. H.L. Sharma

वर्तमान में प्रतियोगी परीक्षाओं में Electrician Theory तथा Electrical Engineering विषय महत्त्वपूर्ण है। प्रतियोगी परीक्षाओं में Electrician theory तथा Electrical Engineering विषय के मार्गदर्शक एवं विशेषज्ञ के रूप में अलवर के निवासी Er. H. L. Sharma का नाम लोकप्रिय है। आपके लेखन एवं मार्गदर्शन में हजारो प्रतियोगी परीक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त है। आपको तकनीकी शिक्षा B.Tech. (EE) एवं CITS (Electrician) प्राप्त की है।

इस पुस्तक के प्रश्नों का हल
Youtube पर पाने हेतु
QR Code Scan करें।

H. K. Classes
ALP, Technician and Jr. Instructor
Video course & Test Series

H.K Classes

दक्ष की पुस्तकें Online Order करने के लिए www.dakshbooks.com पर जायें





दक्ष प्रकाशन

(A Unit of College Book Centre)

A-19 सेठी कॉलोनी, जयपुर (राज.)

फोन नं. 0141-2604302

Code No. D-745 ₹ 480/-

इस पुस्तक को ONLINE खरीदने हेतु
WWW.DAKSHBOOKS.COM
पर ORDER करें

★ SPECIAL DISCOUNT + FREE DELIVERY ★